## खबर संक्षेप

### जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए शीर्ष 5 में मंडला का नाम हुआ शामिल

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट के निर्देशानुसार जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत लक्षित कार्यों को समय पर पूर्ण किए जाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री मनोज भास्कर ने बताया कि मंडला जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को नल जल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय करने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें मंडला को 2,38,016 कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन करने का लक्ष्य दिया गया था। लक्ष्य के विरूद्ध 1,62,598 क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन पूर्ण कर लिए हैं एवं छूटे परिवारों को निरन्तर रूप से पेयजल प्रदाय करने का प्रयास किया जा रहा है। गुरूवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जारी की गई रैंकिंग में मंडला जिले को शीर्ष 5 जिलों में शामिल किया गया है। मंडला जिला 68.31 एफएचटीसी पूर्ण कर शीर्ष से पांचवे स्थान में शामिल हुआ।

### नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि, कक्षा 6वीं के लिए 31 अगस्त तथा कक्षा 9वीं एवं 11वीं के लिए 23 सितंबर

**मण्डला।** नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में चयन परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई थी, जो बढ़कर 13 अगस्त 2025 कर दी गई है, जिसकी परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को होगी। इसी प्रकार 9वीं एवं 11वीं की चयन परीक्षा हतु आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है तथा इसकी परीक्षा 7 फरवरी 2026 को होगी।

## विद्यार्थियों एवं पालकों में रोष, विद्यालय प्रबंधन ने किया इंकार

# विद्यालय में बच्चों के काटे गये बाल

* सांदीपनि हायर सेकेण्डरी स्कूल नारायणगंज का मामला।

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विकासखंड नारायणगंज के ग्राम टिकरिया स्थित शासकीय सांदीपनि हायर सेकंडरी स्कूल में छात्रों के साथ हुए व्यवहार को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, स्कूल में अध्ययनरत बच्चों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा उनके सिर के बाल काट दिए गए और उन्हें स्कूल से यह कहकर बाहर कर दिया गया कि बाल बड़े हैं, छोटे कराकर वापस आओ।

पीड़ित बच्चों का कहना है कि स्कूल में ही कैची से उनके बाल बेढंग तरीके से काटे गए जिस कारण उन्हें सबके सामने शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा और बाद में स्कूल से भगा दिया गया। इस घटना से जहां बच्चों में अपमान और हीन भावना उत्पन्न वहीं उन्हें अत्यधिक मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ रहा है। बच्चों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना या अभिभावकों को जानकारी दिए, सीधे इस प्रकार की कार्रवाई करना अनुचित है।




स्थानीय लोगों और बच्चों का कहना है कि यदि वास्तव में बालों की लंबाई अनुशासन के विरुद्ध थी, तो पहले बच्चों को लिखित नोटिस देना चाहिए था या उनके अभिभावकों को सूचित करना चाहिए था। यदि इसके बावजूद समस्या बनी रहती, तो उच्च अधिकारियों को जानकारी देकर उचित कदम उठाया जा सकता था। लेकिन स्कूल प्रबंधन ने सीधे बच्चों के बाल काटकर न सिर्फ नियमों का उल्लंघन किया, बल्कि बच्चों की मानसिक स्थिति को भी प्रभावित किया है। उल्लेखनीय है कि कोमल मन मस्तिष्क में बुरा असर न पड़े इसलिए पूर्व में माननीय न्यायालय एवं वरिष्ठ कार्यालय से ऐसे दिशा-निर्देश है कि बच्चों के साथ प्रताड़ना एवं ऐसा कोई कार्य न किए जाएं जिससे उनके मन मस्तिष्क में गलत असर पड़े।



इस पूरे मामले को लेकर छात्रों में रोष और अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त है। छात्रों ने जिला प्रशासन से इस घटना की गहराई से जांच कराने की मांग की है, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और भविष्य में किसी छात्र के साथ ऐसा गलत व्यवहार न हो। यदि सर के बाल कटवाना ही था तो अभिभावकों को सूचित किया जाता एवं किसी सालों वाले को बुलाकर व्यवस्थित तरीके से हेयर कटिंग करवाई जा सकती थी।

इस संबंध में जब प्राचार्य श्रीमती अर्चना नेमा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बच्चों को बीते एक महीने से बाल छोटे रखने की हिदायत दी जा रही थी और अभिभावकों को भी सूचित किया गया था। उन्होंने कहा, रबालों को स्कूल में किसने और कैसे काटा, इसकी जानकारी मैं ले रही हूं। मेरे द्वारा किसी भी छात्र को स्कूल से बाहर नहीं किया गया है। जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वे निराधार हो सकते हैं। संभव है कि बच्चों को किसी ने बहकाया हो।

अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और क्या स्कूल प्रशासन के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है? चर्चा तो यह भी है कि प्राचार्य जबलपुर से अप डाउन करती हैं , उनके मुख्यालय में निवास न करने से विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन प्रभावित हो रहा है। जन आपेक्षा है कि छात्रों की शिक्षा प्रभावित न हो, इस दिशा में भी ठोस प्रयास आवश्यक हैं।

### इनका कहना है :-

*मामले की जानकारी मिली है, इस संबंध में जांच कराते हुए नियम अनुसार कार्यवाही को कराई जायेगी।*

***-अविनाश शर्मा, उपाध्यक्ष, अध्यक्ष शिक्षा समिति जनपद पंचायत नारायणगंज***

*जैसे ही मामले की जानकारी प्राप्त हुई, तत्काल विद्यालय पहुँचकर स्थिति की जानकारी ली गई। विद्यालय में विद्यार्थियों को बाल कटवाकर आने हेतु निर्देशित किया गया था तथा इस संबंध में अभिभावकों को भी सूचित किया गया। किन्तु, जब विद्यार्थियों के बाल नहीं कटे पाए गए, तब पीटीआई के निर्देश पर बाल काटे गए। यह विद्यालय प्रबंधन का पक्ष है। हालाँकि, यह कार्य शासन के निर्धारित दिशा-निर्देशों के विरुद्ध प्रतीत होता है। इस संबंध में जांच कराकर, दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।*

***-राजेश विश्वकर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी, नारायणगंज***

## साप्ताहिक अखण्ड रामधुन का भण्डारे के साथ हुआ समापन



* श्रीराम मंदिर सराफा बाजार में 27 जुलाई से प्रारंभ हुई थी रामधुन।

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला

विगत 99वें वर्षो से राम मंदिर सराफा बाजार में श्रावण के महीने में अखण्ड साप्ताहिक रामधुन का आयोजन होता रहा है इस वर्ष 27 जुलाई से अखण्ड रामधुन प्रारंभ हुई जिसका समापन सोमवार 04 अगस्त को हुआ और फिर सोमवार को ही भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया गया एवं माँ नर्मदा को कढ़ाई चढ़ाई गई कल मंगलवार 05 अगस्त को कन्या भोजन एवं भण्डारे का आयोजन किया गया सुबह 11 बजे से कन्या भोज का सिलसिला प्रारंभ हुआ और दोपहर बाद से भण्डारा प्रारंभ हुआ तो देर रात तक जारी रहा। इस पूरे धार्मिक आयोजन में आठों दिन न केवल क्षेत्र के श्रद्धालुजन बल्कि मण्डला नगर के बाहर से भी श्रद्धालुओं ने आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और नाचते-गाते राम दरबार के चारों ओर श्रीराम जयराम जय जय राम का संकीर्तन भी किया।

पूरे सप्ताह भर रोजाना कोई न कोई धार्मिक आयोजन इस दौरान श्रीराम मंदिर सराफा बाजार में होते रहे। वृंदावन महिला मण्डल द्वारा विशाल 56 भोग प्रसादी वितरण का भी आयोजन किया गया पूरे कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय रही समिति द्वारा किये जा रहे इस आयोजन का लोग हर वर्ष इंतजार करते हैं और श्रावण मास में रामधुन कर पुण्य लाभ कमाते हैं।



# हर घर तिरंगा से जन आंदोलन तक बनी रणनीति

* भाजपा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न।

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला

भारतीय जनता पार्टी, जिला मंडला के द्वारा मंगलवार जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आगामी कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी सभी कार्यक्रम केवल प्रतीकात्मक न होकर राष्ट्रभक्ति, संगठनात्मक ऊर्जा और जनसंपर्क के सशक्त माध्यम बनें। इन आयोजनों के माध्यम से पार्टी का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाना, पार्टी की विचारधारा को मजबूत करना एवं हर वर्ग विशेषकर युवाओं और महिलाओं को सक्रिय रूप से जोड़ना है। जिला भाजपा ने सभी मोर्चा प्रमुखों, मंडल अध्यक्षों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों एवं शक्ति केंद्र प्रभारियों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्रों में निम्नलिखित बातों को सुनिश्चित करें। हर आयोजन की समयबद्ध और अनुशासित रूप से तैयारी की जाए। कार्यक्रमों में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो। पार्टी की नीति, संकल्प और उद्देश्य का प्रचार-प्रसार किया जाए। युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में प्रेरित करने वाले संवाद हों। सोशल मीडिया पर प्रत्येक गतिविधि का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पार्टी का नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम की भावना से प्रेरित एक जन आंदोलन है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने कर्तव्य और भूमिका को समझे और पूरी निष्ठा से जुटे। यह समय केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि राष्ट्र को जागृत करने का अवसर है। 'हर घर तिरंगा' से लेकर 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' तक, सभी कार्यक्रम हमें अपने इतिहास, बलिदान और भविष्य की जिम्मेदारी का स्मरण कराते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे इन सभी आयोजनों को जन जागरण का माध्यम बनाएं और पार्टी की नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाएं।




भाजपा की बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता रोचीराम गुरवानी ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है। हमें अपने विचारों, कार्यशैली और समर्पण से संगठन को और अधिक मजबूत करना है। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर भाजपा की नीति, नीयत और नेतृत्व को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने आगे कहा कि अध्यक्ष द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए। संगठन को परिवार मानकर कार्य करना ही सच्ची सेवा है।

उन्होंने कहा कि "भाजपा की कार्यशैली जनसेवा और संगठन विस्तार पर आधारित है। हमें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ करना चाहिए। कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ हैं, और उनका समर्पण ही संगठन को आगे ले जाता है।"

## राष्ट्रीय एलुमनाई मीट में रागिनी ने किया प्रतिनिधित्व

**मण्डला।** राष्ट्रीय एलुमनाई मीट (3 दिवसीय) में पिछले 6 माह में मध्यप्रदेश में राजनीति में महिलाओं के साथ मेरी क्या भूमिका रही , को रिप्रेजेंट किया जिस पर भारत के विभिन्न राज्यों से आए सभी कोहार्ट के साथियों ने मुझे वोट करके जिताया और स्नेह दिया जिसकी मै सदैव ऋणी रहूंगी पूरे भारत का प्यार पाकर मैं धन्य हो गई सभी ने मेरे काम के मूल्यों को समझा,रसोई से राजनीति तक महिला वादी राजनीति और मेरी इस यात्रा को सफल बनाया। इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी दिल्ली, फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी मंडला, (FES ) की समस्त टीम और जमीन में मेरी बहिनों (मातृशक्तियों)का प्यार और 3 राजनीतिक मूल्य, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मूल्य को परिभाषित किया, समस्त प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग कर, मुझे नेशनल एलुमनाई मीट 2025 के लिए चुना और मैं मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर प्रथम स्थान ग्रहण की जिसकी मैने कभी कल्पना ही नहीं की थी। इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी के राइजिंग स्टार टीम के द्वारा प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। आप सभी का मार्गदर्शन सहयोग ऐसा ही मिलता रहे सभी साथियों शुभचिंतकों का पुनः आभार।




**रक्तदान** | बम्हनी कॉलेज में एक पेड़ माँ के नाम अभियान और रक्तदान शिविर।

# रोटरी के अनुरोध पर 32 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

* रोटरी क्लब मंडला ने निभाई अहम भूमिका।

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला

शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर में आज रोटरी क्लब मंडला के सहयोग से रक्तदान शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में फलदार पौधे लगाए गए और 32 यूनिट रक्तदान किया गया।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब, शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग तथा रोटरी क्लब मंडला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। शुरुआत डॉ. करुणा नेमा के मार्गदर्शन में डॉ. विवेक जायसवाल और जनभागीदारी अध्यक्ष भरत यादव द्वारा की गई।




### रोटरी क्लब की सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम में रोटरी क्लब मंडला के अध्यक्ष प्रसन्न सराफ, सचिव सुरेश चौधरी, कोषाध्यक्ष मुकेश जैन, पूर्व अध्यक्ष गीता सोनी, रोटेरियन कपिल वर्मा, अजय खोत और सामाजिक सेवक राजेन्द्र नेमा उपस्थित रहे। क्लब द्वारा खेल मैदान में फलदार पौधों का रोपण किया गया और रक्तदाताओं को उपहार व फल वितरित किए गए।

### प्रमुख रक्तदाता

स्नेहा मरावी, यश कार्तिकेय, शिवा बरकड़े, रोशनी साहू, ज्योति धूमकेती, कुलदीप परले, बालकिशन मरावी, साक्षी चंदील, अभिषेक कुमरे, सचिन मरावी, वरुण सिंह, निलेश सैयाम, निकेश परते, अमन भावेदिया, प्रयास तेकाम, राकेश नंदा, वेदांत बरमैया, सुनील वरादे, आशीष उड़के सहित 32 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया।

### आयोजन में सहयोग

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजीत कुमार माहोकर, डॉ. विवेक जायसवाल, डॉ. रंजीत भालेकर ने कार्यक्रम का संचालन किया और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. कुन्ती वरादे, डॉ. रियंका पटेल, डॉ. मनीष लांजेवर, भानू प्रताप ठाकुर, सुनैना सिंह, ओमप्रकाश झारिया, सुशील नाविक, शरद रघुवंशी, दुखीलाल डागौर आदि का विशेष सहयोग रहा। जिला चिकित्सालय की टीम से यशवंत मरावी, दुर्गेश कुशवाहा व कमलेश धुर्वे ने रक्त संग्रहण में सहयोग दिया।

## राष्ट्रीय कवि संगम मंडला द्वारा हरियाली उत्सव का आयोजन




* रचनाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध।

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला

राष्ट्रीय कवि संगम मंडला के तत्वाधान में हरियाली उत्सव का आयोजन संस्कृति भवन, गोंडी पब्लिक ट्रस्ट सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. राजेश ठाकुर ने की, जबकि जगदीश सिंगौर 'ओशोश्री' मुख्य अतिथि तथा अधिवक्ता अजीत जैन और पी.के. डोंगरे विशिष्ट अतिथि रहे।

दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संगीता गुप्ता 'सेतु' ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जबकि मंच संचालन कल्पना पांडेय 'काव्यांजलि' ने किया। रचनाकार रेखा ताम्रकार 'राज', आशा अवस्थी 'मृदु', डॉ. स्वल्पा बड़गैंया, वंदना सिंह 'त्वरित', हेमंत श्रीवास्तव 'अश्रु', नीरज सार्वे, हिमांशु अवस्थी, अन्नपूर्णा तिवारी 'अनु' सहित अन्य साहित्यकारों ने काव्य पाठ कर वातावरण को सरस बना दिया।

कार्यक्रम में सुनील मिश्रा, प्रवीण मोदी, अंजली अवस्थी, रेणु कछवाहा, मधुर सिंह सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे। आशा अवस्थी 'मृदु' द्वारा जलपान व्यवस्था की गई, वहीं संगीता गुप्ता 'सेतु' ने महिलाओं को हरियाली की प्रतीक हरी-लाल चूड़ियां वितरित कीं। अंत में अध्यक्ष रेखा ताम्रकार 'राज' ने सभी का आभार जताया।

# युवक को बंधक बनाकर की गई मारपीट का वीडियो वायरल किये जाने के चलते पीड़ित ने जहर खाकर की आत्महत्या, आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मामला दर्ज








हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

छोटी सी घटनाओं लेकर जिस तरह लोगों द्वारा कानून का अपने हाथों में लेने का प्रयास किया जाता है उसके चलते छोटी घटना बड़ा रूप धारण करने से नही चूकती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम अजंदा में देखने मिली है। जहां पर किसी लड़की से बात करने के मामले को लेकर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा एक युवक के साथ बंधक बनाते मारपीट करने के साथ उसका वीडियों बनाते हुये वायरल किये जाने के चलते पीड़ित युवक द्वारा जहर खाकर आत्म हत्या जैसी घटना को अंजाम दे डाला। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम अजंदा निवासी लखन पिता अरविंद गुर्जर उम्र लगभग 19 साल द्वारा बीते हुये सोमवार को किसी जहरीली वस्तु का सेवन किये जाने के चलते जब परिजन उसे इलाज के लिये गाडरवारा चिकित्सालय लेकर पहुंचे तो इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये जब पोस्ट मार्टम की कराने की तैयारी की जा रही थी तो इस दौरान मृतक के परिजनों द्वारा लखन द्वारा अपनी जिन्दगी समाप्त करने का जो कदम उठाया गया है उसका आरोप गांव के ही कुछ लोगों के ऊपर लगाते हुये कार्यवाही की मांग की जाने लगी। इस तरह जहां सोमवार की रात मृतक के शव को पुलिस द्वारा चिकित्सालय की मरचुरी में सुरक्षित रखा गया। आगे की कार्यवाही जैसे की मंगलवार की सुबह शुरू की गई तो मृतक के परिजन आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुये हगांमा शुरू करते हुये शव लेने से इंकार कर दिया गया। मृतक लखन गुर्जर के परिजनों का आरोप था कि लखन 2 अगस्त की रात लगभग 10 बजे लाईट आने पर अपने खेत नलकूप देखने जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में मनोहर गुर्जर, निरंजन गुर्जर द्वारा लखन को रास्ते में रोकते हुये अपने घर के पास अनाज रखने के लिये बनाये गये टीनशेड में ले गये और वहां पर इन आरोपियों ने अपने अन्य साथी भूरा गुर्जर, वृंदावन गुर्जर, अरविंद, मेहरवान, बैनी प्रसाद द्वारा किसी लड़की से बात करने के मामले को लेकर एक राय होकर मारपीट की गई तथा मारपीट का वीडियों बनाया गया जिसे वायरल किये जाने की धमकी दिये जाने की दहशत के चलते लखन द्वारा 4 अगस्त को जहर खाकर आत्म हत्या की गई है। इस तरह नगर के शासकीय चिकित्सालय में काफी देर तक चले हंगामे बाद पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ अलग अलग धाराओं के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। इस प्रकार से मृतक के परिजनों द्वारा आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की एफआईआर की काफी लेने के बाद लखन के शव को लेने के लिये तैयार हुये। मृतक के पिता का कहना है कि इन आरोपियों द्वारा मेरे बेटे को जबरन अपने घर ले जाकर उसके साथ लगभग तीन घंटे तक बेल्ट, लाठियों से मारपीट करने के साथ उसका वीड़ियों बनाते हुये वायरल किये जाने की धमकी दी गई इसी के चलते लखन द्वारा यह कदम उठाया गया है। यदि मेरे बेटे ने कोई गलती की गई थी तो उसकी शिकायत करना थी। मगर कानून को इस तरह बेरहमी के साथ मारपीट करते हुये उसका वीडियों बनाया गया है उसके चलते उसके द्वारा यह कदम उठाने के लिये मजबूर हुआ है। इस दौरान मृतक के परिजनों द्वारा युवक के साथ की गई मारपीट का वायरल वीडियों भी पुलिस अधिकारियों को दिखाते हुये कहा कि वीड़ियों में खुलेआम उसे एक टीनशेड में जमीन पर बैठाते हुये मारपीट की जा रही है तथा उसके शरीर पर दिखाई दे रहे चोटों के निशान भी इस बात की पुष्टि करने से नही चूक रहे है...? वही दूसरी ओर इस मामले को लेकर जब जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम अजंदा निवासी एक युवक द्वारा जहर खाने का मामला आने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया है। वही मृतक के परिजनों आरोप लगाते हुये एक वीडियों भी बताते हुये कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुये कार्यवाही की मांग की रही थी। घटना को लेकर पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है तथा उचित कार्यवाही की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शालेय पिट्टू प्रतियोगिता में साईंखेड़ा विकास खंड बना विजेता




हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। शिक्षा विभाग के आदेश पर बीते हुये दिनों जिला स्तरीय शालेय पिट्टू (U-19) प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा मे आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकास खंडो की टीमों ने भाग लिया। वही बालक वर्ग में फाइनल मैच चॉवरपाठा विकास खंड एवं साईखेड़ा विकास खंड के बीच खेला गया जिसमें साईखेड़ा विकासखंड विजेता रहा और बालिका वर्ग में चॉवरपाठा विकासखंड एवं साईखेड़ा विकासखंड के बीच मैच खेला गया जिसमें साईखेड़ा विकास खंड विजेता रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साईंखेड़ा विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री सीमा डोंगरे रही। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विकास खंड खेल प्रभारी के आलवा,विक्रम शर्मा, मुकेश पटेल, अजय कुमार सोनी, इमाम अनवर, नितेश कौरव, ज्योति धानक एवं सहित विद्यालय के शिक्षकों की भूमिका रही।

### सिहोरा में अन्य बैक शाखाएं खोलने की उठ रही मांग

हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी। इस समय सिहोरा क्षेत्र के लगातार हो रहे विकास के साथ साथ केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक प्रकार की योजनाओं का लाभ भी लोगों को बैकों के माध्यम से ही दिया जा रहा है, इतना ही नही इस क्षेत्र में के लोग जहां मूलरूप से कृषि से जुडे हुए है, वही यहां पर रेल्वे स्टेशन, पुलिस चौकी, विद्युत मंडल कार्यालय, टेलीफोन आफिस, शासकीय एवं निजी चिकित्सालय, शासकीय महाविद्यालय, शासकीय व निजि स्कूल, गुड मंडी, अनाज मंडी सहित अन्य ऐजेन्सी संचालित हो रहे है जिसके चलते लोगों का अधिकांश कार्य बैकों के माध्यम से ही चलता है, मगर सिहोरा क्षेत्र में मात्र एक ही बैक शाखा होने के कारण जहां लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है, वही वह पैसों के लेन देन में भी काफी दिक्कतों से घिरे होने के कारण क्षेत्र के लोगों द्वारा अन्य निजी बैकों के साथ साथ शासकीय बैकों की शाखाएं खोलने की मांग की जा रही है, जिसको लेकर सिहोरा क्षेत्र के लोगों द्वारा सामूहिक रूप से सेन्ट्रल बैक आफ इंडिया, यूनियन बैक आकरेडिया के आलवा रिजर्व बैक को भी एक आवेदन देते हुए यहां अन्य बैकों की शाखाएं खोलने की मांग की गई है, क्योंकि शायद ही क्षेत्र में कोई ऐसा कस्बा होगा जहां पर लोगों द्वारा संबंधित बैकों के अधिकारियों को सामूहिक रूप से आवेदन देते हुए बैक शाखाएं खोलने की जागरूकता दिखाई गई है। वही दूसरी ओर लोगों द्वारा जिला कलेक्टर से भी मांग की गई है कि वह सिहोरा में अन्य बैकों की शाखा खोलवाने हेतु प्रयास करे जिससे लोगों को बैकों के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

### लोन की किस्त के पैसा मांगने पर की पिटाई

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये सालीचौका निवासी तथा नगर के स्टेशन रोड पर स्थित ए. यू. स्माल फाईनेंस प्राईवेट बैक के लोन कलेक्शन कर्मचारी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि हमारे बैंक से घनश्याम चौधरी की ने 45000 रूपये का लोन मासिक किस्त में लिया था जो पिछले 4 माह से किस्त जमा नही कर रही है। बीते हुये दिवस जब घन श्याम चौधरी व उसकी पत्नी बैक आये तो उनसे प्रार्थी द्वारा लोन की किस्त जमा करने के लिए कहा गया। इसी बात पर घनश्याम चौधरी प्रार्थी बैक कर्मचारी को गंदी गंदी गालिया देते हुये बेल्ट से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# श्रावण मास के दौरान लगातार तीसरे वर्ष नगर में धूमधाम से निकली नर्मदेश्वर महाकाल की शाही सवारी





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय चल रही श्रावण माह के दौरान जहां तहां धार्मिक कार्यक्रमो की धूम मचते हुये देखी जा रही है। वही नगर में महाकाल की नगदी उज्जैन की तर्ज पर लगातार तीसरे वर्ष नर्मदेश्वर महाकाल की शाही सवारी धूमधाम से निकाली गई । बाबा महाकाल के भक्तों द्वारा व्यापक रूप से नर्मदेश्वर महाकाल की उज्जैन की शैली के अनुरूप शाही सवारी नगर की प्रजा को आशीर्वाद देते हुए शिवधाम डमरू घाटी से निकली जिसमे सैकड़ो श्रद्धालुओं ने शामिल होकर बम बम भोले के जयकारों का गुंजन करते हुये नगर को शिवमय बनाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। इस तरह शिवधाम डमरू घाटी से शुरू हुईनर्मदेश्वर महाकाल की शाही सवारी शक्कर नदी पुल , महाकाल चौराहा , चुंगी नाका, नए बस स्टैंड, पुरानी गल्ला मंडी, झंडाचौक से निकलते हुये पुरानी चौकी से होते हुये चावड़ी मार्ग से निकलते हुये महावीर भवन से शक्ति चौक होते हुए ऋण मुक्तेश्वर धाम शिवालय चौक पहुंची वहा भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना तथा महा आरती के साथ समावन हुआ। इस दौरान आयोजित प्रसादी भंडारे में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की गई। निकाली गई शाही सवारी में विभिन्न प्रकार की झांकिया जन आकर्षक का केंद्र बिंदु रही जिसमे संत दर्शन, हाथी घोड़ा पालकी, आदि योगी की झांकी के आलवा डमरू घाटी के नर्वेश्वर महाकाल प्रतिमा की विशाल झांकी के साथ भस्म रमैया उज्जैन, रुद्रनाद नुपुर ग्रुप, शिवम नृत्य ग्रुप, पंजाब इंदौर का सिख समाज अखाड़ा की शानदार प्रस्तुति के नजारे प्रदर्शित होते हुये देखे गये। वही अखाड़े के युवाओं ने हैरत अंगेज करतब दिखाएं व नगर में जगह जगह रंगोली सजाई गई थी। वही दूसरी ओर डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों पर शिव भक्त नृत्य करते हुए चल रहे थे । नगर में अनेको स्थानो पर पुष्प वर्षा करते हुए नर्मदेश्वर महाकाल की शाही सवारी की पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ कमाया एवं प्रसाद वितरण किया गया । बाबा महाकाल भक्त मंडल ने नर्मदेश्वर महाकाल की शाही सवारी को व्यवस्थित बडे ही धूमधाम के साथ निकाला गया जो पूरे नगर में धर्म में माहौल देखा गया। इस प्रकार भारी विद्युत साज सज्जा विभिन्न रंगों की लाइटों से नगर दुल्हन की तरह सजा हुआ था । ऋण मुक्तेश्वर धाम मंदिर शिवालय चौक पर समापन के मौके पर महाआरती व प्रसादी भंडारा में विशाल जनसमूह दिखाई दिया। वही यातायात को दृष्टिगत रखते हुए जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा प्रशासनिक अधिकारी भी शाही सवारी के साथ चल रहे थे । नगर पालिका परिषद की टीम स्वच्छता का संदेश देते हुये इस शाही सबारी के पीछे चलते हुये सड़को को साफ करते हुये चल रही थी।

## झूलेलाल चालीसा महोत्सव के दौरान देखने मिली अनोखे नजारे, संत लालदास सांई ने जगाई झूले लाल की ज्योत

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। हिंदू सिंधियों के महान पर्व श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव के दौरान सोमवार को नगर में संत लाल दास साई का आगमन हुआ। इस मौके पर सिंधी समाज के युवाओं द्वारा शांतिदूत तिराहे पर संत महाराज का ढोल नगाड़ों से स्वागत किया और उन्हें पुष्प वर्षा करते हुए रूपचंद मगलानी के निवास स्थान पर ले जाया गया। वही पुष्प वर्षा करते हुए गाजे बाजे के साथ सुखदेव भवन में आयोजित कार्यक्रम में ले जाया गया जहां पर महिला मंडल द्वारा गीत गाते हुए अपने सदगुरु का अभिनंदन किया। वही कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही



सदगुर ने सर्वप्रथम भगवान श्री झूलेलाल जी की ज्योत को जगाया और भगवान श्री झूलेलाल जी की आरती गाकर सत्संग की शुरुआत की गई। आपकी अदभुत और धर्ममय वाणी को सुनकर आये हुए सभी श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम उठे और अपने इष्ट श्री झूलेलाल जी के जयकारों से तालियों की अनवरत गड़ गड़ाहट से सम्पूर्ण प्रांगण को गुंजायमान कर दिया। इस दौरान संत लाल दास जी के द्वारा सभी समाज जनों को भगवान श्री झूलेलाल जी की महिमा उनके अवतरण से लेकर साढ़े तेरह वर्ष तक की आयु तक उनके द्वारा हिंदू सिंधियों के मान सम्मान और धर्म की रक्षा के लिए की गई लीलाओं से अवगत कराया गया। बताया जाता है कि इस दौरान महिला मंडल द्वारा भगवान श्री झूलेलाल जी एवं पधारे हुए संत की शान में अनेक प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

## दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में बस यात्रियों को बारिश व गर्मी से बचने के लिए नहीं है कोई साधन



हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।

इस समय चल रहे बारिश के बीच उमश भरी गर्मी के सीजन में दादा धूनी नगर में बस यात्रियों को परेशान होते हुए देखे जा रहे है। क्योंकि दादा धूनी वालों की नगर सांईखेड़ा में बस स्टेन्ड के आभाव के चलते जहां सूरज की तेज तपन के बाद अब चल रहे बारिश के मौसम में बसयात्रियों को भीगते हुए अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पडेगा। वही बारिश के दौरान यात्री खुले मैदान में खड़े होकर बसों का इंतजार करते हुए देखा जाता है। इस नगर में देखा जाता है कि बाहर से आने वाले यात्री पानी और छॉव की तलाश में इतने बडे नगर में किसी भी प्रकार से बस स्टेन्ड नही होने के कारण बस यात्रियों को सदा ही परेशान होते हुए आसानी से देखे जा सकते है? क्योंकि साईंखेड़ा में स्थाई बस स्टेण्ड एवं यात्री प्रतीक्षालय की सुविधा न होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नर्मदा नदी के झिकोली पर पुल का निर्माण होने के कारण जहां यह क्षेत्र प्रदेश की राजधानी भोपाल से जुड गया है जिसके चलते यहॉ से प्रतिदिन गाडरवारा, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिलवानी, उदयपुरा, मेहरागॉव, सिरसिरी, रायसेन, भोपाल सहित अनेको यात्री बसे निकलते है एवं झिकोली के लिये लगभग 25 टायमिंग बसे निकलती है। परन्तु विभिन्न स्थानों के लिये जाने वाले बस यात्रियों को बसों के इंतजार के लिये सड़क पर पेड़ के नीचे या फिर चाय पान की दुकानों पर बैठना पड़ता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो महिला बस यात्रियों के लिये ऐंसी स्थिति में सर्वाधिक परेशानी होती है, जिसमें यहां पर स्थापित ब्लाक कार्यालय, उत्कृष्ठ विद्यालय सहित महाविद्यालय की स्थापना हो जाने के कारण अनेक महिलाओं के आलवा छात्राओं द्वारा बसो के माध्यम से ही आना जाना किया जाता है। मगर वह बस स्टेण्ड पर न होने के कारण यहां वहां भटकते हुए देखी जाती है। वही दूसरी ओर न तो महिलाओं के लिए यहां पर शौचालय है और न ही प्रसाधन की कोई सुविधा है जिसके कारण सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को भी ग्रहण लगने में कोई कसर बाकी दिखाई नही दे रही है। इस प्रकार के सच्चाई के चलते स्थानीय लोगो का कहना है कि यदि मवेशी बाजार का अतिक्रमण हटाकर एक सुविधायुक्त बस स्टेण्ड बना दिया जाये तो नगरवासियों के लिये एक बड़ी सौगात मिल जायेगी। वही दूसरी ओर दूर दूर से आने वाले धूनी वाले दादा के भक्तों को भी सुविधा मिलेगी, जिसके चलते क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र के लोगों द्वारा जनापेक्षा व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई जा रही है यात्रियों के लिये प्रतीक्षालय एवं सुविधायुक्त बस स्टेण्ड की स्थापना की जाये।

# रक्षा बंधन त्यौहार समीप आने के चलते ट्रेनों में देखने मिल रही भीड़ के आलम




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

रेल प्रशासन द्वारा जबलपुर इटारसी के बीच सीमित गाड़ियों के रोकने के चलते जहां इस समय रक्षा बंधन त्यौहार समीप होने के चलते भीड़ के नजारे दिखाई देना शुरू हो गये है। क्योंकि गरीबों की प्रमुख माने जाने वाली गाड़िया जहां वर्षो से बंद चल रही है। वही दूसरी ओर अनेक गाड़ियों के छोटी स्टेशनों पर स्टाप नही होने के चलते ट्रेनों में भीड़ का आलम दिखाई देना शुरू हो गया है। इस तरह रेल विभाग की अनदेखी का असर उन गरीबों के ऊपर पड़ते हुये देखा जा रहा है जो त्यौहर के मौके पर कम किराया में अपने रिस्तेदारों के यहां पर आसानी से घूमकर अपने घरों को लौट जाते थें। मगर इन गाडियों के बंद रहने की स्थिति में हाल इस प्रकार से देखा जा रहा है कि जहां गरीबों पर त्यौहार के सीजन में आर्थिक परेशानी तो झेलने के लिये मजबूर होना ही पड़ रहा है । वही दूसरी ओर एक्सप्रेस स्तर की ट्रेनों में अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करने के लिये भी मजबूर होते हुये देखा जा रहा है? क्योंकि जो ट्रेन चल रही है वह लम्बी दूरी की एक्सप्रेस श्रेणी की ट्रेने होने के कारण उनमें जनरल स्तर के डिब्बे कम होने के कारण वह सदा ही भीड़ से भरे हुये चलते है। इसी दौरान चल रहे त्यौहार के सीजन में स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि जब ट्रेने रेल्वे स्टेशनों पर पहुंचकर रूकती है तो वहां पर अफरा तफरी का महौल निर्मित होने से नही चूकता है। इस स्थिति के चलते मात्र एक या फिर दो मिनिट रूकने वाली इन ट्रेनों से जहां यात्रियों को ट्रेन के डिब्बे से उतरते व चढ़ते समय अपनी जान जोखिम में डालते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर भीड़ अधिक होने के कारण रेल यात्री खड़े खड़े ही अपनी यात्रा करते हुये देखे जा रहे है। इस स्थिति में सबसे अधिक परेशानी महिला यात्रियों को हो रही है जो इस भीड़ में शामिल अनेक मनचले महिला यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाते हुये अपनी हरकतों का शिकार बनाते हुये देखे जा रहे है? कुछ इसी प्रकार की परेशानी उन मरीजों को भी झेलने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है जो इन ट्रेनों के माध्यम से जबलपुर या फिर अन्य दूसरी जगह इलाज कराने के लिये जा रहे होते है जिन्हें इस समय ट्रेनों में चल रहे अपार भीड़ के बीच अपनी यात्रा करना मुश्किल होने से नही चूक पा रहा है।

# चीचली थाना क्षेत्र के अनेक गांवों में बिक रहे है मादक पदार्थ?

हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।

नशे के सौदागरों नें गांव गांव अपना जाल बिछा रखा है, युवा पीढ़ी नशे कें गिरप्त में जकड़ती जा रही है, इस ओर प्रशासन की नजर नही जा पा रही है, बताया जाता है कि चीचली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनेक गांवों में प्रति माह लाखों रूपयें कें अवैध गांजा की बिक्री हो रही है? सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार यहां की पुलिस प्रशासन की निषक्रियता से क्षेत्र में मादक पदार्थो का खुलेआम अवैध धंधा चल रहा है, गांजा बिक्री का यह हाल है कि क्षेत्र कें अनेक गांव में सुलभता से मिल सकता है,अंचल के अनेक गांवों में अवैध कच्ची महुआ की शराब व गांजा का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। कुछ स्थानों पर तो लम्बे अर्से से अवैध कारोंबार चल रहा है। इस गोरख धंधे में युवक महिलाओं के साथ ही छोटे बच्चें भी अब शामिल देखें जा रहे है। इन मादक पदार्थो



का कारोबार बढनें से कई युवाओं की जिंदगी नशें के चपेट में आ चुकी है,मगर जो बात कही जाती है कि इस क्षेत्र में पदस्थ होने के लिए वर्दीधारी उच्चस्तर से जोर लगाते है कि उन्हें क्षेत्र की बागडोर मिल जावे यदि उनके जिम्मे यह क्षेत्र हो जाता है तो लोग कहते है उनकी तो पांच उगंली घी में होती है। इस बात की सच्चाई इस समय देखने को मिल रही है जिस प्रकार क्षेत्र में मादक पदार्थो बिक्री हो रही है उसी तरह से अनेक गांवों में जुआ का कारोबार में चलने की चर्चा जोरो पर है, यदि उच्चाधिकारियों द्वारा समय रहते इस ओर ध्यान नही दिया तो स्थिति कन्ट्रोल से बाहर होने में कोई कसर नही रहेगी।

## नगर में दौड़ रहे बगैर नम्बर प्लेट के वाहनों को नजर अंदाज करना पड़ सकता है भारी, कार्यवाही की उठाई जा रही मांग

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। नगर में प्रतिदिन यातायात व्यवस्था खराब होते जा रही ही और इस समस्या की ओर अनेको बार जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित नगर के समाज सेवको द्वारा पुलिस के वरिष्ट अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया चुका है मगर इसके बाद भी यातायात विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसके कारण नगर सड़को पर खुलेआम बिना नंबर प्लेट की गाड़ी दो पहिया वाहनों में तीने सवारी, छोटे छोटे बच्चों का सरपट वाहनों को दौड़ने के साथ साथ वाहनो में कान फोडू व ककर्स हार्न लगाने का क्रम जारी है, यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन दिनों नगर में चलने वाले लगभग 40 प्रतिशत टू व्हीलर वाहन व 40 प्रतिशत चौपाहिया वाहन शामिल है, जो प्रतिदिन नगर के मुख्य चौराहों से बेखौफ होकर गुजरते बगैर नबंर के वाहन दिखाई देतें है फिर भी पुलिस इन पर ना तो कोई कार्यवाही कर पा रही है ना उनको पकड़ने में कोई अंकुश अभी तक लगा पाई है, जिसके चलते नगर में इन दिनों नाबालिग बच्चों को गाड़ियां चलाने का जुनून सा दिख रहा है। यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नियमों को दर किनार करते हुये दौड़ने वाले इन वाहनों में प्रमुख रूप से दोपहिया गाड़ियों में तीन लोग सवार होकर फर्राटे से और मस्ती करते हुए दौड़ा रहे होते है जो कभी भी रास्ते से गुजरने वाले राहगिरों को अपनी चपेट में लेने से नही चूकते है। अनेकों बार तो स्थिति इस तरह से देखने मिलती है कि यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दूसरे वाहनों को प्रभावित होने से नही बच पाते है। उल्लेखनीय है कि नगर में अनेक ऐसे लोग है जो बिना लायसेंस, ट्रीपल सीट सवारी, बिना नंबर प्लेट सहित दर्जनों अनियमिताता के साथ प्रतिदिन नगर के प्रमुख स्थानों तथा थाने व विभागीय कर्मचारियों के सामने से कई वाहन गुजरते दिखाई देतें है,।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा को कार्यकर्ता जमीनी रूप प्रदान करें - नेताम



**डिंडौरी ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों अनुसार पार्टी के मंडल डिंडोरी की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छाया चित्रों पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम जी ने दीप प्रज्वलित एवं मलयार्पण कर किया। जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताओं ने कहा कि राष्ट्रवाद में हमारी विचारधारा में राष्ट्र प्रथम है और इस संकल्प को लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और हमारे राज्य सरकार ने विकास और प्रकृति का मार्ग प्रस्तुत कर रही है,। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ 'तिरंगा यात्रा' एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देश भक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लेते हैं। अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व, सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से 'आपरेशन सिन्दूर' पूर्णतः सफल रहा। यह मोदी जी के नेतृत्व में नया, समृद्धशाली, शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है, सभी को इस पर गर्व है। पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ हाथों में तिरंगा लेकर के देश भक्ति के कार्यक्रम आपरेशन सिन्दूर की सफलता के उपरांत मनाये गये। जिला महामंत्री जयसिंह मरावी ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको स्मरण है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मन की बात में कहा कि 'हर घर तिरंगा अभियान' के लिए सबका जोश रहता है, गरीब हो,अमीर हो, छोटा घर हो या बडा घर हो, हर कोई तिरंगा लहराकर गर्व का अनुभव करता है। जब कॉलोनी या सोसायटी के एक-एक घर पर तिरंगा लहराता है तो देखते-देखते दूसरे घरों पर तिरंगा दिखने लगता है। यानि हर घर तिरंगा अभियान तिरंगे की शान में एक यूनिक फेस्टिबल (अनोखा उत्सव) बन चुका है। तिरंगे को लेकर यह उल्लास, यह उमंग हमें एक दूसरे से जोड़ती है। मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यक्रमों को कार्यकर्ता अपनी विशेष जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए गति प्रदान करना है और शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय तिरंगा हमारे भारत की शान है इसी क्षण के साथ हमें तिरंगा यात्रा को सफलता रूप प्रदान करना है।

### संकल्प महाविद्यालय का 9वां स्थापना दिवस संपन्न

**अनूपपुर।** संकल्प महाविद्यालय, अनूपपुर ने अपनी सफलता की गौरवमयी 8 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर 9वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, सांस्कृतिक विविधता और गरिमामय माहौल में किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी, विशिष्ट अतिथि डॉ. आरके वर्मा, जिला थाना प्रभारी अरविन्द जैन, तुलसी कॉलेज के प्राचार्य अनिल सक्सेना एवं उप-प्राचार्य डॉ. जेके संत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पारंपरिक एवं आधुनिक नृत्य, भावपूर्ण गीत, कविताएं और लघु नाट्य प्रस्तुति शामिल रही। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और विद्यार्थियों की अद्भुत प्रतिभा एवं रचनात्मकता को उजागर किया। संस्थान के संचालक अंकित शुक्ला ने प्रेरणादायक संबोधन में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कृ पिछले आठ वर्षों में संकल्प महाविद्यालय ने शिक्षा और सामाजिक योगदान के क्षेत्र में जो पहचान बनाई है, वह सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

# लंबे समय से पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं ग्रामीण





हरिभूमि न्यूज ।

जिले के करंजिया विकासखंड में सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों का विरोध तेज होता जा रहा हैं सोशल मीडिया में स्थानीय लोगों तस्वीरों को साझा कर समस्या को दिखाने का प्रयास कर रहें हैं लेकिन जिम्मेदारों के कान में जूं नहीं रेंग रही अंततः लोग अपनी मांगे मनवाने सड़क पर धरना प्रदर्शन करने तक का मन बना रहे हैं ऐसे में यह देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि क्या ग्रामीणों की मांगों पर शासन प्रशासन कैसे संज्ञान लेते हैं,इसी क्रम में ग्राम पंचायत भलखीहा के नीचे टोला निवासी सैड़कों नागरिकों ने रविवार को जिम्मेदारों पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए सड़क निर्माण में ध्यान नहीं देने की बात बताते हुए कहा कि वें सभी यहां लंबे समय से पक्के सड़क की मांग कर रहे हैं। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया फलस्वरूप कीचड़ और दलदल वाले रास्ते से खेत खलिहान तक जाना मजबूरी बन चुका हैं इसके बाद भी उनकी यह बहुप्रतीक्षित मांग अभी तक पूरी नहीं हो पाई हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने नाराज लहजे में इतना तक कह दिया कि यदि चुनाव के पूर्व यह सड़क पक्का नहीं बनाया जाता तो वह मतदान करने नहीं जाएंगे ,इंदर के घर के पास से तबलूटोला के तरफ जाने वाले मार्ग पर कच्ची सड़क की वजह से फिलहाल पैदल चलना दुश्वार हैं।बारिश के चलते सड़क की स्थिति ऐसी हो जाती हैं कि लोग अपने खेतों और समीपस्थ गांवों में जाने के लिए कीचड़ और दलदल के कारण घुटने तक धंसते हुए आवागमन करने मजबूर रहते हैं। बावजूद इसके कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जबकि स्थानीय लोगों की सुविधा, - की दृष्टि से उनके लिए यह महत्त्वपूर्ण मार्ग हैं। लंबे समय से लामबंद होकर पक्की सड़क के लिए मांग कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि कच्ची सड़क की वास्तविक स्थिति के बारे में पंचायत के जवाबदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन के आलाधिकारियों को भी जानकारी हैं। इसके बाद भी किसी ने समाधान के लिए सार्थक प्रयास नहीं किया। नतीजतन ऐसे बुरे हालात के बाद भी लोग इस उबड़-खाबड़ रास्ते से यात्रा करने मजबूर हैं।

**पक्का मार्ग बनाने की मांगः** ग्राम भलखोहा के नागरिकों का कहना है उनके लिए यह मार्ग बहुत उपयोगी है। दरअसल दर्जनों किसानों के खेत इस मार्ग के किनारे हैं। वे खेतों तक आने जाने में इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। इसके अलावा सार्वजनिक तालाब व पगडंडी तक आने जाने के लिए लोग इसी मार्ग के भरोसे हैं। साथ ही स्कूल, कालेज, बीमारियों का इलाज कराने समेत अन्य कार्यों, अन्य गांव शहर जाने के लिए इसी मार्ग से

### इस तरह जर्जर रास्ते से आवागमन करते हैं ग्रामीण

चलकर लोग मुख्य सड़क तर्क पहुंचते हैं यदि यह पक्का बना दिया जाए तो न केवल आमजन पैदल आएंगे जाएंगे, बल्कि छोटे बड़े वाहनों के आवाजाही का जरिया बन जाएगा। अभी चाहकर भी लोग वाहनों का उपयोग नहीं कर पाते हैं और मन मसोस कर रह जाते हैं।ग्राम के संत कुमार सिंदराम,आसाम सिंह सिंदराम,शिवकुमारी धुर्वे, ज्ञानवती सैयाम,राधा बाई सैयाम सोनी बाई टांडिया,यशोदा बाई पनारे,रमली बाई सैयाम,जानकी बाई सिंदराम, रश्मी सिंदराम, साक्षी सिंदराम, देवेंद्र सिंदराम,मंगल सिंदराम, मालती बाई सिंदराम,आदि ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के चार महीने तो उनके लिए काफी दुखदायी जैसे बीतते हैं। फिलहाल सड़क की हालत इतनी बदतर हो गई हैं कि यहां से पैदल भी नहीं चला जाता, लेकिन अन्य कोई विकल्प नहीं होने के कारण लोगों को इसी मार्ग से आना-जाना करना पड़ रहा है। लिहाजा हम सभी जिला प्रशासन से विनय और आग्रह करते हैं कि हमारे समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र ही हमारे हित में निर्णय लेकर संबंधितों को काम शुरू करने का आदेश पारित करें।

**"इनका कहना है"**

यहां समस्या तो हैं लेकिन बरसात थमते ही इस स्थान पर जल्द ही काम प्रारंभ होने वाला हैं। इससे स्थानीय लोगों की समस्या का समाधान हो जाएगा।

**रेश्मा बाई धुर्वे**
**सरपंच ग्राम पंचायत भलखोहा**

# कस्तूरबा स्कूल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, 'बेटी पढ़ाओ' अभियान पर उठे सवाल






### सड़क नहीं, सुरक्षा नहीं गुरैया में शिक्षा के मंदिर की खस्ता हालत

डिंडौरी ।

आदिवासी बाहुल्य जिला के शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम गुरैया में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। बेटियों की शिक्षा के लिए स्थापित यह विद्यालय वर्षों बाद भी सुरक्षित और बेहतर वातावरण नहीं पा सका है। विद्यालय तक जाने के लिए पक्का रास्ता तक नहीं है। परिसर में बाउंड्रीवाल नहीं होने से सुरक्षा का संकट बना रहता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि वर्तमान में छात्रावास एक जर्जर और असुरक्षित भवन में संचालित हो रहा है, जिसकी खिड़कियां तक टूटी हुई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 1.38 करोड़ की लागत से नया भवन बनकर तैयार है, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण उसे अब तक शिफ्ट नहीं किया गया है। इससे छात्राओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा—तीनों प्रभावित हो रही हैं। ग्राम सरपंच अनूप कुशराम ने बताया कि पक्की सड़क और बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए ग्राम पंचायत से लेकर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक कई बार मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी इस संबंध में अनुरोध किया गया था, परंतु नतीजा आज भी शून्य है। ग्रामीणों और छात्रावास स्टाफ ने शासन से मांग की है कि विद्यालय की सुरक्षा और सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए तत्काल पक्की सड़क, बाउंड्रीवाल और भवन में स्थानांतरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों की उदासीनता के कारण शिक्षा की यह महत्वपूर्ण इकाई मूलभूत जरूरतों से वंचित है, जो शासन के 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान को भी चुनौती दे रहा है।

# शहपुरा नगर परिषद में मुरुम बिछाने के नाम पर लाखों का घोटाला!

### नप अध्यक्ष, उपयंत्री और तत्कालीन सीएमओ पर फर्जी भुगतान का आरोप



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिले की नगर परिषद शहपुरा में मुरुम एवं डस्ट बिछाने के नाम पर लाखों रुपए के भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। स्थानीय नागरिक द्वारा जिलास्तरीय जनसुनवाई में दिए गए शिकायत पत्र में नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अरूण अग्रवाल,तत्कालीन प्रभारी सीएमओ , उपयंत्री,लेखापाल तथा तीन सप्लायरों की मिलीभगत से फर्जी भुगतान किए जाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।वही प्राप्त जानकारी अनुसार जनसुनवाई मे प्राप्त शिकायत के बाद कलेक्टर डिण्डौरी ने एसडीएम को मामले के निराकरण की जवाबदारी सौपी है।शिकायतकर्ता के अनुसार, जनवरी 2025 से मार्च 2025 के बीच नगर परिषद द्वारा मरम्मत कार्यों के नाम पर लाखों का आहरण किया गया, लेकिन धरातल पर कहीं भी कार्य नहीं हुआ। इसके बावजूद न केवल फर्जी मापन पुस्तिका तैयार की गई बल्कि बिना बिल के भुगतान भी कर दिए गए।

**तीन प्रकरण, एक ही पैटन-** शिकायतकर्ता व्दारा दिये गये शिकायत पत्र में उल्लेखित है कि कामदगिरि इन्फ्रास्ट्रक्चर भोपाल को रूपये 94,221 का भुगतान किया गया जबकि संचालक ने स्वयं स्वीकारा कि कोई कार्य नहीं किया गया। मे. श्रीराम कंस्ट्रक्शन को रू 72,483 का भुगतान किया गया संचालक ने बताया कि उसने सिर्फ पर्चा दिया था, काम नहीं किया। महेश यादव नामक व्यक्ति को रू 73,901 का भुगतान किया गया बिना किसी वास्तविक निर्माण के, मुरुम व डस्ट बिछाने की फर्जी नस्ती बनाई गई।

**नियमों को ताक पर रखा गया-** शिकायत पत्र के अनुसार नप ने प्रस्तावों के लिए पार्षदों या आम जनता का कोई मांग पत्र संलग्न नही किया,कोटेशन प्रक्रिया में सभी कोटेशन एक ही हस्तलिपि से भरे गए एक ही पैन कार्ड पर बनाए गए।बिना सार्वजनिक सूचना व बिना पंचनामा के कार्य स्वीकृत व भुगतान किए गए।निविदाएं न तो समिति के समक्ष खोली गईं और न ही उसमें जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

**सप्लायरों का कबूलनामा बना साक्ष्य-** शिकायत में उल्लेख है कि सप्लायरों से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने स्वीकार किया कि न तो उन्होंने कोई कार्य किया और न ही भुगतान से उनका कोई लेना-देना है। वहीं एक ठेकेदार ने कहा कि उसका फर्म सिर्फ "पर्चे" के लिए इस्तेमाल हुआ है। कुछ ने खुलासा किया कि पार्षद या नगर परिषद के कर्मचारियों ने उनके नाम का दुरुपयोग किया।

**जांच और कार्यवाही की मांग-** शिकायतकर्ता ने मांग की है कि पूरे मामले की स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, निकाय की सभी फाइलों की ऑडिट भी करवाई जाए।वही शिकायत के बाद कलेक्टर ने एसडीएम को जांच सौपी है जांच के बाद ही सभी तथ्य सामने आ जावेगे।



### जीवन कौशल पाठ्यक्रम पर शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

**डिंडौरी। मेंहदवानी** विकासखंड में जीवन कौशल पाठ्यक्रम पर शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों की क्षमता बढ़ाना और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना था। प्रशिक्षण की मुख्य बातें, जीवन कौशल पाठ्यक्रम की संरचना और उद्देश्यरू प्रशिक्षकों ने जीवन कौशल पाठ्यक्रम की संरचना और उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। डेमो सत्ररू प्रतिभागी शिक्षकों ने सत्र क्रमांक 2, 17 व 4 का संचालन किया और प्रशिक्षकों ने सत्र क्रमांक 6 और 11 पर प्रस्तुति दी। प्रशिक्षक गोविंद आंदवान जीए कन्हैया कुमार साहू और सुशील राय ने प्रशिक्षण दिया। विशेष सहयोग सक्षम योजना के जिला प्रबंधक महारन प्रताप सिंह और ब्लॉक प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय और अनुराग दुबे ने सहयोग किया। प्रशिक्षण के बाद शिक्षकों की दक्षता में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। वे अपने छात्रों को और अधिक प्रभावशाली ढंग से जीवन कौशल विषयक ज्ञान प्रदान करने में सक्षम हुए हैं। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को व्यावहारिक व प्रेरणादायक बताया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई आवेदनों पर हुई सुनवाई

डिंडौरी।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई जिसमें जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाया उनमें संबंधित आवेदकों को निश्चित समय-सीमा में समाधान का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों द्वारा आवारा मवेशियों की समस्याए, आगजनी से नुकसान, प्रधानमंत्री योजनाओं के लंबित भुगतान और सामाजिक सहायता योजनाओं के अंतर्गत आर्थिक सहायता, फसल नुकसान, अतिवृष्टि, अतिथि शिक्षक, जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर शिकायत की गई। ग्राम चाँदपुर के निवासी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक माखन लाल शुक्ला ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि उनके गांव में बिजली पोल बारिश के कारण झुक गया है, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है और हादसे का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बिजली पोल को सुधारने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम छांटा बैगान टोला की अधनी बाई बैगा द्वारा अपने पति की मृत्यु उपरांत अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृति की मांग की गई। ग्राम गाडासरई के निवासियों ने बताया कि आवारा मवेशी रात में घूमते हैं और खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुँचा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्राम आमाचूहा की गीता बाई ने संबल योजना के अंतर्गत अपने दिवंगत पति के नाम पर मिलने वाली सहायता राशि 2 लाख रुपये दिलवाए जाने की माँग की। ग्राम कोहमा निवासी खनी बाई ने समग्र आईडी, पोषण आहार, खाद्यान तथा पीएम किसान निधि की राशि दिलाने की मांग की है। वहीं ग्राम बिजोरी माल के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नल-जल योजना के संचालन में बकाया भुगतान की शिकायत करते हुए योजना को पुनः संचालित करने की माँग रखी। जिसे पीएचई अधिकारी को जांच कर पेयजल संचालित करने के निर्देश दिए। ग्राम पिंडरूकी माल जहाँ हसन दास नामक व्यक्ति ने अपने घर में लगी आग से लाखों रुपये का नुकसान को भुगतान करने की मांग की। जिस पर संबंधित तहसीलदार को राहत प्रकरण तैयार कर हितग्राही को भुगतान करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

# मेंहदवानी में सड़क मार्ग की मांग को लेकर सड़क में उतरे महाविद्यालय के छात्र छात्राएं विरोध प्रदर्शन के चलते डेढ़ घंटे अवरूद्ध रहा मेंहदवानी शहपुरा चाबी मार्ग





हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी में संचालित राजा रघुनाथ शाह शंकर शाह शासकीय महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं ने मंगलवार को सड़क मार्ग की मांग को लेकर मेहदवानी शहपुरा स्टेट हाईवे मार्ग पर बैठ गए और लगभग डेढ़ घंटे तक सड़क मार्ग जाम कर दिया जिससे दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। सड़क मार्ग जाम होने की जानकारी लगते ही मौके पर थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे दल बल के साथ एवं नायब तहसीलदार टी एल धुर्वे राजस्व अमले के के साथ पहुंच गए। नायब तहसीलदार ने जल्द ही सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। काफी देर तक समझाइश के बाद बमुश्किल आवागमन बहाल हो सकाकलेक्टर, सांसद विधायक सबसे की शिकायत, नहीं बनी सड़क छात्र शिव नारायण धूमकेती, घनश्याम मरकाम, अजय धुर्वे, धनेश परस्ते, संतोष यादव ने बताया कि लगभग ढाई साल पहले तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री व डिंडौरी जिले के प्रभारी मंत्री डॉ मोहन यादव ने लोकार्पण किया था इसके बाद से महाविद्यालय यहां संचालित हो रहा है। मुख्य मार्ग से कालेज तक लगभग 1 किलोमीटर का रास्ता कच्चा है। बारिश के समय कीचड़ की वजह से आने जाने में परेशानी होती है। पक्की सड़क की मांग को लेकर ग्राम पंचायत से लेकर कलेक्टर, सांसद विधायक सभी से गुहार लगा चुके हैं परन्तु आज तक सड़क मार्ग नहीं बना लिहाजा आज हम सबने सड़क पर बैठने का निर्णय लिया। करोड़ों की लागत से बने हैं कई संस्थान पर सड़क नहीं यहां राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय भवन के साथ साथ मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या छात्रावास,बालक छात्रावास,कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, आजीविका भवन, मिट्टी परीक्षण केंद्र, शव परीक्षण गृह हैं तथा अन्य संस्थाओं के भवन बनाए जा रहे है। वावजूद इसके सड़क मार्ग नहीं बना है जिसके चलते अधिकारी कर्मचारियों सहित छात्र छात्राओं को बहुत परेशानी हो रही है।

**इनका कहना है**

मैं अभी अभी पदस्थ हुआ हूँ आपकी समस्या हल करने में लगा हूँ। सरपंच ,सचिव और पटवारी को बुलाया गया है। जल्दी ही जमीन की नपाई करके सड़क निर्माण का काम शुरू कराया जाएगा।

**टी एल धुर्वे**
**नायब तहसीलदार मेंहदवानी**



# गोंगपा जिला अध्यक्ष ने समर्थकों के साथ किया थाना मेंहदवानी का घेराव

### मारपीट और अभद्रता करने वाले पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग एसपी के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी में मंगलवार को जनपद पंचायत मेंहदवानी के अध्यक्ष और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष राम प्रसाद टेकाम ने समर्थकों के साथ नारेबाजी करते हुए पुलिस थाना मेंहदवानी का घेराव करने पहुंचे। थाने के अंदर नारे बाजी की और एस पी वाहिनी सिंह के नाम नायब तहसीलदार टी एल धुर्वे को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में उल्लेख किया कि 3 अगस्त को पीड़ित संदीप परस्ते मटियारी गांव से ससुराल गांव आमगांव बेटी के चीखौनी कार्यक्रम में जा रहा था।पांच लीटर कच्ची रखे हुए था। मैं बैजनाथ मरकाम की ऑटो में बैठकर जा रहा था। कठौतिया गांव में पुलिस चेकिंग चल रही थी।प्रधान आरक्षक अर्जुन रजक ने शराब जप्त कर ली।शराब पी और पीड़ित के साथ मारपीट की। इस संबंध में थाना प्रभारी से मिलने आए तो जनपद अध्यक्ष और उनके समर्थकों के साथ पुलिस थाना मेंहदवानी में पदस्थ पुलिसकर्मी ने की अभद्रता की जिससे पुलिस कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया। जनपद अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित की जानकारी मिलने के बाद हम समर्थकों के साथ थाना प्रभारी के साथ बैठकर शांति पूर्वक चर्चा करने आए थे।

## खबर संक्षेप

### अशोक दुबे भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रभारी मनोनीत



**गोटेगांव।** विगतदिवस भारतीय किसान यूनियन संविधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमाकांत कश्यप ने अशोक दुबे को भारतीय किसान यूनियन संविधान का मध्यप्रदेश प्रभारी के पद पर मनोनीत किया है एवं आशा व्यक्त की है कि दुबे प्रदेश के किसान भाईयों की समस्याओं के लिए संघर्षरत रहते हुए उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करते रहेंगें। उक्त मनोनयन पर दुबे को ईष्ट मित्रों एवं किसान भाईयों ने बधाई दी। भारतीय किसान यूनियन संविधान के प्रदेश प्रभारी के रूप में नियुक्त किये जाने पर अशोक दुबे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रमाकांत कश्यप का ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इतने बड़े दायित्व और विश्वास पर मैं खरा उतरूँगा। दुबे ने कहा है कि सभी किसानों, मजदूरों और गरीब भाईयों को भरोसा दिलाता हूँ कि आपकी आवाज को कभी दबने नहीं दूंगा और आपके अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहकर हर संभव संघर्षरत रहूंगा। संगठन और किसानों के हक की रक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। शीघ्र ही संपूर्ण मध्यप्रदेश में भारतीय किसान यूनियन संविधान के पदाधिकारी मनोनीत किये जायेंगे । किसान भाई अपनी समस्याओं एवं संगठन से जुड़ने के लिए 9926163249 संपर्क कर सकते हैं l

### अक्षत अग्रवाल एम बी ए में चयनित



**तेंदूखेड़ा।** कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा में पदस्थ विनोद अग्रवाल के होनहार सुपुत्र अक्षत अग्रवाल का भारतीय प्रबंध संस्थान उदयपुर में एम बी ए के लिए चयनित हुये है।अक्षत शुरू से ही मेधावी छात्र रहते हुये इंदौर से बी टेक किया है। विनोद अग्रवाल की सुपुत्री ने भी एम बी ए कर चेन्नई में अपनी सेवाएं दे रही है। शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

### रुद्राभिषेक से मानव जीवन होता है मंगलमय

**तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम महगुवा में चल रहे देवाधिदेव महादेव तथा ममतामई मां भगवती जगदम्बा की कृपा प्राप्ति के उद्देश्य को लेकर चल रहे शिव शक्ति अनुष्ठान के दौरान क्षेत्र के प्रतिष्ठित वैदिक विद्वान पंडितों द्वारा वेदिक रीति नीति के अनुसार पार्थिव अर्चन शिवार्चन रूद्राभिषेक महामृत्युंजय जप अनुष्ठान किया जा रहा है। क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक पंडित प्रमोद पचौरी ने रुद्राभिषेक की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि रुद्राभिषेक से मानव जीवन मंगलमय बन जाता है अंतःकरण की पवित्रता के साथ सुसंस्कारों की प्राप्ति मानव की आत्म शक्ति ज्ञान शक्ति जाग्रित होती है। आधिदैविक आधिभौतिक और आध्यात्मिक तीनों प्रकार के तापों की निर्वृत्ति होती है। धर्म अर्थ काम मोक्ष आदि पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति होती है। मनुष्य को आरोग्यता के साथ दीर्घायु सद्बुद्धि सद्विद्या सद् विवेक सदाचार सत कीर्ति धन धान्य पुत्र-पौत्रादि समस्त ऐश्वर्यो की प्राप्ति होती है। प्राकृतिक उपद्रव के शमन के साथ रूद्राभिषेक के द्वारा समस्त कामनाएं पूर्ण होती हैं। समस्त प्रकार की व्याधियों की शांति के लिए कुशा के जल से अभिषेक करना चाहिये। पुत्र प्राप्ति के लिए गोदुग्ध से रोग शांति के लिए सतत जलधारा मोक्ष की प्राप्ति के लिए तीर्थ जल से लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए गन्ना रस से कीर्ति की वृद्धि के लिए सुगंधित द्रव्यों से असाध्य रोगों की निवृत्ति के लिए मधु से वंश विस्तार और उत्थान के लिए घृत से शर्करा मिश्रित दुग्ध से अभिषेक करने पर बुद्धि की निर्मलता की प्राप्ति होती है।शत्रुओं की बुद्धि में मैत्री भाव जाग्रित करने के लिए सरसों तेल से भगवान सदा शिव का अभिषेक करना चाहिये।वेद मंत्रों के साथ भगवान शिव को कमल पुष्प विल्वपत्र शमीपत्र लाल सफेद मदार दूर्बा अपामार्ग करवीर जूही बेला कनेर हरसिंगार आदि पुष्पों के साथ विविध प्रकार के धान्यों से शिवजी का अर्चन करने का शास्त्रों में विधान मिलता है।

### हर घर तिरंगा व अन्य कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की जिला बैठक सम्पन्न

# भाजपा का हर कार्यक्रम समाज में राष्ट्रभक्ति व जन जागृति बढ़ाने वाला : श्री पटेल

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता, जालम सिंह पटेल, हाकम सिंह चड़ार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, जिला महामंत्री डॉ.हरगोविन्द सिंह पटैल, जिला मंत्री जयप्रकाश वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा सोनी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए रामस्नेही पाठक ने कहा कि वर्तमान में हिन्दू धर्म के पर्व त्यौहार चल रहे है। सभी जगह भक्तिमय माहौल है हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को पर्व त्यौहार मनाने के साथ ही संगठन द्वारा दिये गये संगठनात्मक कार्यो को प्राथमिकता देना है। प्रत्येक कार्यक्रम गरिमामय हो इसकी चिन्ता जिला पदाधिकारी से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता को करना है। उन्होंने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया के पार्टी नेतृत्व द्वारा 10 से 13 अगस्त तक मंडल स्तर पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाना है। 14 अगस्त को जिला मुख्यालय पर विभाजन विभीषिका कार्यक्रम आयोजित किया जाना है साथ ही 16 अगस्त को भाजपा के पितृपुरूष



स्व.कुशाभाऊ ठाकरे की जन्मजयंति व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी जी की पुण्यतिथि प्रत्येक बूथ पर मनाई जानी है। इसी के साथ ही माह के अन्त में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम हर बूथ पर सुना जाना है। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा का हर कार्यक्रम समाज में राष्ट्रभक्ति व जनजाग्रति बढ़ाने के लिए किया जाता है। देश के प्रधामंत्री मोदी जी के आव्हान पर हर वर्ष तिरंगा अभियान सफलता पूर्वक आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत हर घर पर तिरंगा फहराना तिरंगा रैली निकालना है। पूर्व में विशेष स्थानों पर विशेष व्यक्ति ही ध्वज फहरा सकते थे परंतु मोदी जी के इस अभियान में हर आम आदमी को अपने घर पर तिरंगा फहराने का अधिकार दे दिया है। अतः सभी कार्यकर्ता जनता से जुड़कर इस अभियान को सफल बनाए। नीरज महाराज ने कहा कि इस अभियान में प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि उसे हर घर तक तिरंगा पहुंचाना उसे फहरवाना है साथ ही तिरंगे की मान सम्मान की रक्षा करना है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मंडल में तिरंगा रैली निकाली जावेगी जिसमें समाज के सभी वर्गों और व्यक्तियों की सहभागिता हो इसकी चिन्ता सभी को करना है इसी के साथ ही कार्यकर्ताओं को गढ़ने वाले स्व.कुशाभाऊ ठाकरे व कार्यकर्ताओं के ह्रदय में बसने वाले स्व.अटल जी की पुण्यतिथि मंडल स्तर के साथ हर बूथ पर मनाना है। बैठक की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष व महामंत्रीगण, मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्ष व संयोजक उपस्थित रहे।

# स्तनपान शिशु के मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अनिवार्य

### छात्र एवं छात्रा ईकाई के संयुक्त तत्वाधान में स्तनपान सप्ताह का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर। पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय** स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ.आर बी.सिंह के निर्देशन में छात्र एवं छात्रा ईकाईके संयुक्त तत्वाधान में स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया।इस मौके पर सभी स्वयंसेवक छात्र छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये इस अवसर पर नवीन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.अमित ताम्रकार ने बताया कि यह पाश्चात्य संस्कृति की देन है आज माँ शिशु को स्तनपान कराना पुराने जमाने की रूढ़िवादिता समझती है और अलग से गाय भैस का दूध का पान कराती है जिससे बच्चे कुपोषण का शिकार होकर कई बीमारियों से ग्रसित हो जाते है और उनमें बौद्धिक विकास भी नहीं हो पाता।अतः आज हमे जागरूकता की अत्यावश्यकता है।माँ, बहिन बेटियाँ को स्तनपान कराने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। माँ और शिशु में मजबूत रिश्ते की शुरूआत स्तनपान से ही होता है स्तनपान नैसर्गिक प्रक्रिया है जो शिशु के मानसिक और बौध्दिक विकास के लिए अनिवार्य है समाज बुध्दिजीवी वर्ग को समझना होगा।और समाज में महिलाओं को स्तनपान के लिए प्रेरित करना होगा अन्यथा आने वाले समय में बच्चों का सम्पूर्ण विकास न होने से राष्ट्र को कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है।वही छात्रा इकाईकार्यक्रम अधिकारी डॉ रानीकुमारी ने बताया कि स्तनपान से शिशु ताकतवर बौध्दिक क्षमता मे वृध्दि होती है कम से कम माँ शिशु को स्वेच्छा से आठ से दस माह तक स्तनपान अवश्य करायें जिससे शिशु कुपोषण से बच सके।क्योंकि माँ के दूध से ही शिशु में प्रतिरोधक क्षमता विकसित होता है । देश हित के लिए स्तनपान अनिवार्य है पूर्व दलनायक वेदान्त दुबे ने बताया कि पर्याप्त स्तनपान करने से शिशु में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती हैं।और शिशु के ऊपर सकारात्मक प्रभाव होता है तथा बच्चे का बौध्दिक क्षमता में विकासात्मक वृध्दि होता है ।वही दलनायक दिनेश अग्रवाल ने बताया कि विश्व स्तर पर स्तनपान न करने के कारण हर वर्ष कई बच्चे कुपोषण का शिकार होते है और असामयिक मृत्यु के शिकार हो जाता है कार्यक्रम मे पूर्व कार्यक्रम अधिकारी (छात्र इकाई) डॉ GS मसकोले नवीन, कार्यक्रम अधिकारी डा अमित ताम्रकार , कार्यक्रम अधिकारी( छात्रा इकाई )डा रानी कुमारी , श्रीमति कल्पना साहू की मैजूदगी में सम्पन्न हुआ ।स्वयंसेवक में परेड कमांडर हर्षित चौरसिया,ब्रजेश चौधरी, मनीषा राजपूत,याशिका सोनी ऋतिक कुशवाहा ,विवेक मेहरा , शरद कुमार साहू ,प्रशांत साहू, ऋषिराज पटेल, अभिषेक ठाकुर, योगेश मेहरा, अक्षय मेहरा आदि अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्कॉर्पियो और बाइक की भिड़ंत में दो की मौत, दो हुए घायल



**हरिभूमि न्यूज।** स्टेशन गंज थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 के मगरधा चौराहे के समीप सागर से नरसिंहपुर आ रहे स्कॉर्पियो निवासी दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे नया खेड़ा निवासी दो लोगों की मौत हो गई बताया जा रहा है स्कॉर्पियो वाहन में सवार दो व्यक्ति सागर जिले के गौरझामर से गंगाजली पूजन के कार्ड वितरित करने नरसिंहपुर आ रहे थे इसी दौरान उनका वाहन नयाखेड़ा निवासी दो युवकों के स्पलेंडर से टकरा गया जिसमें युवकों की मौत हो गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के संबंध मेंरत्नाकर हिंग्वे, थाना प्रभारी, स्टेशन गंज ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर आज दोपहर एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई नरसिंहपुर के ग्राम नयाखेड़ा निवासी बताई जा रहे हैं वहीं जिस वाहन की टक्कर से उनकी मौत हुई है वह वहां सागर जिले का बताया जा रहा है।

### यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता करने दिया ज्ञापन

**हरिभूमि नरसिंहपुर।** जिले में यूरिया की कमी होने से मक्का एवं धान की फसल पीली पड़ रही है इसलिए यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नरसिंहपुर जिले की चारों तहसील गोटेगांव ,नरसिंहपुर , करेली एवं सईखेड़ा में तहसील पहुंचकर भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया। गोटेगांव से सरदार सिंह पटेल प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक पटेल जिला मंत्री यशवंत सिंह पटेल तहसील अध्यक्ष नरसिंहपुर से जिला अध्यक्ष संतोष जी पटेल संभाग अध्यक्ष अनिरुद्ध जी पटेल कोषाध्यक्ष विष्णु प्रसाद पटेल जिला सदस्य कल्याण सिंह भाव सिंह पटेल तहसील अध्यक्ष बोधन बोधन को धन गोधन पटेल मंत्री ओम चौक से एवं अन्य कृषक करेली से अनिल पटेल करेली तहसील अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्षनंदराम राजपूत ,तहसील उपाध्यक्ष प्रीतम पटेल ,दीप सिंह , डब्बू लाल ,संजय पाठक एवं अन्य कृषक गण उपस्थित होकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया .ज्ञापन के मुख्यमंत्री यूरिया की उपलब्ध जिले में यूरिया की उपलब्धता करना एवं मूंग खरीदी में बुक स्लॉटों की तारीख निकलने पर उन्हें पुनः स्लॉट आवंटित किया जाए,।

# मां नर्मदा मंदिर एवं भूतेश्वर मंदिर में महिलाओं ने अभिषेक कर भजन कीर्तन किए



**गोटेगांव।** विगत दिवस पटेलवार्ड मां नर्मदा मंदिर धर्मशाला एवं श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में सावन के चतुर्थ और अंतिम श्रावण सोमवार पर मातृशक्ति द्वारा अभिषेक और भजन कीर्तन के माध्यम से महादेव की आराधना की गई। जिसमें मातृशक्ति ने भगवान शिव की पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव से विधि विधान मंत्रोउच्चारण के साथ पूजा और आराधना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सावन का महीना भगवान शिव की पूजा के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है, और इस दौरान भगवान शिव की आराधना करने से विशेष लाभ होता है। मातृशक्ति द्वारा अभिषेक और भजन कीर्तन के माध्यम से महादेव की आराधना करना एक सुंदर तरीका है भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने का।

ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है, और लोगों को भगवान शिव की भक्ति और आराधना में शामिल होने का अवसर प्राप्त होता है वही मां नर्मदा मंदिर पुजारी पंडित लखनलाल उप्पम ने बताया कि श्रावण मास में अभिषेक का बहुत महत्व है। यह महीना भगवान शिव को समर्पित है और इस दौरान शिवलिंग पर अभिषेक करना विशेष फलदायी माना जाता है। श्रावण मास में अभिषेक का महत्वः बताते हुए कहा कि भगवान शिव को प्रसन्न करना है तो श्रावण मास में अभिषेक करने से भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं और पापों का नाश के लिए रुद्राभिषेक शिवलिंग पर मंत्रों के साथ अभिषेक करने से जन्म-जन्मांतरों के पापों का नाश होता है साथ ही बताया ग्रह दोषों का निवारण हेतु श्रावण मास में रुद्राभिषेक करने से कुंडली में मौजूद विभिन्न ग्रह दोष शांत होते हैं इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही !

### दो देशी पिस्टल एवं एक जिन्दा कारतूस जप्त

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** थाना-कोतवाली पुलिस के टाउन एवं देहात भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक मोटर साईकिल से दो व्यक्ति अवैध रूप से हथियार पिस्टल अपने पास मे रखकर विक्रय करने के लिये नरसिंहपुर की ओर जरजोला रोड से आ रहे हैं। उक्त सूचना प्राप्त होते ही कोतवाली पुलिस टीम द्वारा उन व्यक्तियों की घेराबंदी करने के लिए तत्काल में योजना तैयार की। जो कोतवाली पुलिस टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से उन व्यक्तियों की घेराबंदी जरजोला रोड पर की गयी। जो घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम को एक बिना नंबर प्लेट एच एफ 100 डीलक्स गाड़ी काली नीले रंग की मोटर साईकल में दो व्यक्ति बैठकर नहर वाली रोड से आते दिखे। जिन्हे रोककर पूछताछ की गयी तो पूछताछ में उन दोनों व्यक्तियों की उम्र 18 वर्ष से कम होना पायी गयी। उक्त दोनों विधि उल्लंधनकर्ता बालकों की नियमानुसार जामा तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक-एक देशी पिस्टल एवं एक जिन्दा कारतूस जप्त किया और दोनो विधि उल्लंधनकर्ता बालकों को अभिरक्षा मे लिया गया। उक्त दोनों अपचारी बालको के विरुध्द थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 591/2025 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# रक्षा बंधन त्योहार आने से बाजार हुए गुलजार, खरीदारी के लिए उमड़ रही भीड़



**गोटेगांव।** रक्षाबंधन के त्यौहार के कारण बाजारों में रौनक बढ़ गई है। रक्षाबंधन के लिए बाजार राखियों और अन्य सजावटी सामानों से गुलजार हो गए हैं आगामी राखी का पर्व नजदीक आने से बाजारों में रौनक दिख रही है। मुख्य बाजार, भगतराम चौराहा, पेट्रोल पंप पुराना बस स्टैंड में लगी दुकानों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ रही है। बहन-भाई के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व इस बार नए ट्रेंड की राखियों और उपहारों के साथ मनाने की तैयारी है।

**बच्चों के लिए खास राखियां हुई तैयार**

नए ट्रेंड की राखियां आकर्षण का केंद्र-इस बार बाजार में बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां जैसे छोटा भीम, मोटू.पतलू, डोरेमॉन और स्पाइडरमैन खूब बिक रही हैं। वहीं युवाओं और वयस्कों के लिए मोती, जरी, मेटल चार्म, सिल्वर और स्टोनवर्क वाली राखियां खास पसंद की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता को देखते हुए सीड राखियां भी बाजार में उपलब्ध हैं, जिन्हें बाद में मिट्टी में बोकर पौधे उगाए जा सकते हैं। साथ ही, ल्यूमिनर और एलईडी राखियां रात के समय चमकने के कारण बच्चों में खासा लोकप्रिय हो रही हैं रूमाल, गिफ्ट पैक और चॉकलेट की बढ़ी मांग-राखी के साथ देने के लिए रंग.बिरंगे डिजाइनर रूमाल, हैंडकी.पैक, चॉकलेट बॉक्स, मिठाइयों के मिनी पैक और ड्राईफ्रूट के गिफ्ट पैकेट्स की बिक्री में भी उठाव दिखने लगा है।

**व्यापारियों को अच्छे मुनाफे की उम्मीद**

दुकानदारों का कहना है कि इस बार राखी. रूमाल के कॉम्बो गिफ्ट सेट की डिमांड काफी बढ़ी है। कपड़ा बाजार में भी त्यौहार का असर-राखी के साथ.साथ स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी जैसे त्योहार भी नजदीक हैं, जिससे कपड़ा बाजार में ग्राहकों की हलचल बढ़ गई है। महिलाएं साड़ी, सूट, कुर्ती और बच्चों के लिए नए कपड़ों की खरीदारी कर रही हैं। दुकानदार नए डिजाइनों के साथ त्योहारी ऑफर और छूट भी दे रहे हैं। बच्चों के पारंपरिक परिधानों जैसे धोती.कुर्ता, लहंगा.चोली और जन्माष्टमी के लिए कृष्णा कॉस्ट्यूम की मांग भी तेजी से बढ़ रही है दुकानदारों को अच्छे कारोबार की उम्मीद-बाजार के व्यापारियों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री बेहतर रहने की उम्मीद है। राखी और त्यौहारी सामान की खरीदारी अभी से चरम पर है और आने वाले दिनों में भीड़ और बढने की संभावना है।

# एनीमिया एवं रैबीज से बचाव अभियान के तहत छात्रावास में कार्यक्रम हुआ आयोजित



**गोटेगांव।** विगतदिवस अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास में एनीमिया एवं रैबीज से बचाव अभियान के तहत जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया, छात्रावास में उपस्थित छात्राओं को स्वस्थ शरीर सुरक्षित जीवन एनीमिया मिटाओ, रैबीज से बचाव के तहत एनीमिया से होने वाले गंभीर परिणामों जैसे की पढ़ाई में ध्यान न लगना, चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण देखने में आते हैं जिससे बचाव के लिए हीमोग्लोबिन की जांच आयरन फोलिक एसिड टेबलेट लेना एवं दूध और कैल्सियम भी जरूरी है लेकिन दूध और आयरन टेबलेट एक साथ ना लें सब्जियों और फलों का सेवन करना जिसमें पालक मेथी लौकी एवं अनार, चुकंदर सेब किशमिश सत्तू जैसी चीजों का सेवन ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए, वहीं श्रीमती दीपाली श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया से होने वाली हानि एवं मोबाइल में रील्स देखकर जोखिमपूर्ण जगह पर जाना खतरनाक साबित हो सकता है क्योंकि हाल ही में तीन बच्चों की मौत विल्था ग्राम वॉटरफॉल पर होना जैसी घटनाओं से बचने के लिए समझाया, डॉक्टर बी.एस ठाकुर द्वारा एनीमिया एवं साफ सफाई से संबंधित जानकारी देते हुए बताया ज्यादा पानी पीना और आयरन युक्त चीजों का सेवन करने की सलाह दी, संगठन की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने छात्रों को रेबीज होने पर उससे बचने की सावधानियां बताते हुए कहा कि जख्म को 15 मिनट तक लगातार धोना एवं तुरंत डॉक्टर के पास जाकर रेबीज के इंजेक्शन लेना बचाव ही सुरक्षा है छात्रों से कहा गया कि वह सभी लोगों को जागरूक करें एवं रैबीज से किसी की मौत ना हो लोग आज भी इसकी भयावता को समझ नहीं पाते हैं एक बार संक्रमित होने के बाद इसका कोई इलाज नहीं है ! इस मौके पर छात्रावास हॉस्टल संचालिका श्रीमती पार्वती कतिया समाजसेवी प्रभा विश्वकर्मा मंजुला गुप्ता अनिता राय निशा रजक सहित अन्य मातृशक्ति एवं छात्राओं की उपस्थिति थी !

# कैकेयी के हठ ने तोड़ा राजमहल का ह्रदय

## राम ने अपनाया वनवास, अयोध्या हुई स्तब्ध

**गोटेगांव। समीपवर्ती धार्मिक स्थल झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम में आयोजित चातुर्मास कथा परम पूज्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज ने वाल्मीकि रामायण पर कथा कहते हुए बताया कि जहाँ एक ओर अयोध्या में श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारियां अंतिम चरण में थीं दूसरी ओर राजमहल के एक कक्ष कोपभवन में इतिहास की दिशा बदलने वाला निर्णय लिया जा रहा था। रानी कैकई ने मंथरा के बहकावे में आकर राजा दशरथ से वह दो वरदान मांग लिए, जो युगों तक मानवता को व्याकुल करते रहेंगे भरत का राज्याभिषेक और राम को 14 वर्षों का वनवास।**

### दशरथ पर टूटा वज्र पिता और राजा के बीच पीड़ा का महासंग्राम

राजा दशरथ, जो राम के राज्याभिषेक का सपना वर्षों से संजोए बैठे थे, जैसे ही कैकई की बात सुनते हैं, उनके होश उड़ जाते हैं। राजा ने रानी से पूछा कैकई! तू क्या कह रही है राम को वनवास और भरत को सिंहासन परंतु कैकई, अब रानी नहीं मोह की मूर्ति बन चुकी थीं। उन्होंने दृढ़ स्वर में कहा आपने मुझे दो वरदान दिए थे आज मैं उन्हें मांगरही हूं।



यदि आप धर्मप्रिय राजा हैं, तोउन्हें पूर्ण करें। दशरथ का मन पिता के भावों से टूट चुका था। उनका शरीर वहीं कोपभवन की सीढ़ियों पर ढह गया।

**राम ने बिना एक शब्द कहे स्वीकार किया वनवास**

जब राम को यह सूचना दी गई, तब न उनके चेहरे पर शोक था, न क्रोध। उन्होंने मां कौशल्या, गुरु वशिष्ठ और सुमंत से विदा ली। सीता माता जब रोते हुए उनके चरणों में गिरीं, तब राम ने कहा सीते! यह राज्य और वन मेरे लिए समान हैं। जहां धर्म बुलाए, वही मेरा पथ है। यह केवल वनगमन नहीं, यह मेरा आत्मधर्म है।

**सीता का निर्णयः** "जहां राम हैं, वहीं मेरा संसार हैराम ने वनगमन की बात कहकर सीता को रोकने की बहुत कोशिश की। परन्तु सीता ने स्पष्ट कहाः प्रभु! मैं केवल पत्नी नहीं, आपकी अर्धांगिनी हूं। सुख केसमय जो साथ रहे, वह संगिनी नहीं जो कष्ट में साथ चले,वही पत्नी कहलाती है।

**लक्ष्मण का आह्वानः भैया मुझे भी साथ ले चलिए**

लक्ष्मण ने जब यह सुना कि राम वन जा रहे हैं, तो उन्होंने हाथ जोड़कर कहाः मुझे कोई धन नहीं चाहिए, कोई सिंहासन नहीं चाहिए। मुझे बस आपकी सेवा चाहिए मेरा जीवन तभी सार्थक होगा, जब मैं आपके चरणों के पीछे चलूं। राम ने उन्हें समझाया, पर लक्ष्मण के दृढ़ निश्चय के आगे वे झुक गए।

### अयोध्या रो रही थी प्रजा अपने राम को जाते देख रही थी

पूरा नगर अपने राम के पीछे-पीछे निकल पड़ा। वृद्धाएं छाती पीट रही थीं, ब्राह्मण वेद छोड़ राम की राह देख रहे थे। कोई कह रहा थाः जिसे हमने राजा मान लिया था, वह वन जा रहा है और हम कुछ नहीं करसकते,राम, सीता और लक्ष्मण, कंद-मूल, और साधारण वस्त्र पहनकर रथ में बैठे और अयोध्या से निकल पड़े। उनके पीछे-पीछे अयोध्या की जनता चल रही थी सभी की आंखों में आंसू थे( मंच पर पधारे विशेष संत-वृंदःइस दिव्य अवसर पर मंच पर विशेष रूप से उपस्थित रहे पूज्य दंडी स्वामी ब्रह्मचारी जी महाराज, जिनकी गंभीर उपस्थिति ने वातावरण को वैदिक गरिमा से भर दिया। कार्यक्रम संयोजक एवं पूज्य शंकराचार्य जी महाराज के निजी सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज, जिन्होंने संपूर्ण आयोजन की नींव में सेवा, अनुशासन और भक्तिभाव का उदाहरण प्रस्तुत किया।